प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
स्थापना सप्ताह के अवसर पर विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 17 नवम्बर 2021। पंतनगर विश्वविद्यालय के स्थापना सप्ताह की शुरूआत आज एक रैली 'रन फार यूनीवर्सिटी' से हुई जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप के साथ–साथ विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, शिक्षक, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं परिसरवासियों ने भाग लिया। प्रातः 6:30 बजे से ही स्टीवेंशन स्टेडियम में लोगों ने एकत्रित होना प्रारम्भ कर दिया था। दौड प्रातः 7:50 बजे स्टेडियम से प्रारम्भ होकर गांधी हाल (गांधी पार्क) तक हुई।

स्थापना सप्ताह के अवसर पर प्रातः 11:00 बजे गांधी हाल में कुलपति, डा. तेज प्रताप द्वारा नई शिक्षा नीति पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला के साथ–साथ सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। डा. तेज प्रताप ने बताया कि हमें नई शिक्षा नीति को अपनाना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में नयी उर्जा का समावेश हो सके और विद्यार्थियों का मनोबल बना रहे।

दौड में प्रतिभाग करते कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं अन्य अधिकारी।